भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3744
(दिनांक 21.12.2021 को उत्तर देने के लिए)

पिछड़े क्षेत्रों में टेलीविज़न ट्रांसमीटरों की स्थापना

3744. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार देश में विशेष रूप से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित और वर्तमान में कार्यरत टेलीविजन ट्रांसमीटरों का ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है;

(ख) क्या विभिन्न राज्यों में वित्तीय और तकनीकी स्वीकृति की प्रतीक्षा में विभिन्न परियोजनाएं लंबित हैं;

(ग) यदि हां, तो देश में पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त परियोजनाओं को कब तक मंजूरी प्रदान किए जाने की संभावना है; और

(ङ) उक्त परियोजनाओं संबंधी निर्माण कार्य के स्थान-वार कब तक प्रारंभ होने की संभावना है?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) वर्तमान में, देश के पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों सहित विभिन्न भागों में अलग-अलग क्षमता के 338 टीवी ट्रांसमीटर (315 एनालॉग और 23 डिजिटल) हैं।

(ख) वर्तमान में, वित्तीय और तकनीकी स्वीकृति न होने के कारण कोई परियोजना लंबित नहीं है।

(ग) से (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

****